BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने सिटी के अंदर बड़े प्रभाव के लिए निवासियों का सशक्तिकरण करने वाले दो नए प्रोजेक्टों की शुरूआत की

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (6 दिसम्बर, 2023) – आज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने अपनी नेबरहुड एसोसिएशन गाइड (Neighbourhood Association Guide) और इसके जियोहब नेबरहुड प्रोफाइल्स (GeoHub Neighbourhood Profiles) प्रोजेक्ट के पहले फेज की शुरूआत की।

नेबरहुड एसोसिएशन गाइड, निवासियों के सशक्तिकरण हेतु और उन्हें जोड़ने के लिए तैयार किया गया एक संसाधन है। यह गाइड, उन निवासियों के लिए एक टूल के तौर पर काम करेगी, जो अपने पड़ोस में सकारात्मक प्रभाव लाना चाहते हैं।

सिटी के कम्युनिटी सेफ्टी एंड वेल-बीइंग ऑफिस (सी.एस.डबल्यू.ओ.) (Community Safety & Well-Being Office) (CSWO) ने, 40 से अधिक भागीदारों के साथ एक कम्युनिटी लीडर्स वर्कशॉप (Community Leaders Workshop) का आयोजन किया, जिसमें शामिल हैं, नेबरहुड एसोसिएशन लीडर्स, ब्रैम्पटन के वालंटियर, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल (Brampton City Council) के मेम्बर, ब्रैम्पटन कम्युनिटी सेफ्टी एडवाइजरी कमेटी (Brampton Community Safety Advisory Committee) के मेम्बर तथा अन्य।

वर्कशॉप के भागीदारों ने गाइड को अंतिम रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, क्योंकि उन्होंने ड्राफ्ट गाइड के बारे में फीडबैक प्रदान किया और साथ ही, 200 से अधिक टिप्पणियां और सुझाव दिए।

इस गाइड में, निवासियों को इस बारे में सुझाव और टूल्स मिलेंगे कि सुरक्षा, जुड़े रहने, अपनेपन और भलाई में वृद्धि करने के लिए कैसे काम करना है। यह, निवासियों को नेबरहुड विकास के प्रति अग्रसक्रिय दृष्टिकोण विकसित करने और नेबरहुड एक्शन प्लान्स (Neighbourhood Action Plans) बनाने के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करती है।

यह गाइड, इनके बारे में जानकारी प्रदान करती है:

- ब्रैम्पटन नेबरहुड एसोसिएशन एफिलिएशन (Brampton Neighbourhood Association Affiliation) (जैसे, लाभ, जरूरतें और जुड़ाव की प्रक्रिया)
- नेबरहुड एक्शन प्लान्स तैयार करने के लिए संसाधन
- संभावी सौंदर्यीकरण, जुड़ाव, अपनेपन की भावना और सी.एस.डबल्यू.ओ. नर्चर्ड नेबरहुड ग्रांट (CSWO Nurtured Neighbourhood Grant) के लिए सुरक्षा संबंधी प्रयोग (प्रति संबंधित नेबरहुड एसोसिएशन के लिए, 1,500 डॉलर तक)

जियोहब नेबरहुड प्रोफाइल्स प्रोजेक्ट के पहले फेज की भी आज शुरूआत की गई है। यह सिटी के अंदर, कम्युनिटी कनेक्टिविटी विकसित करने और सुरक्षा तथा भलाई में वृद्धि करने के उद्देश्य से तैयार की गई पहलकदमी है।

बढ़े हुए जुड़ाव और अपनेपन की गहरी भावना के लिए निवासियों की अभिव्यक्त जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया, जियोहब नेबरहुड प्रोफाइल्स प्रोजेक्ट, निवासियों के लिए उनके नेबरहुड के अंदर और पूरे ब्रैम्पटन में मौजूद, विविध एसेट्स के बारे में जानने और जुड़ने के एक तरीके के तौर पर काम करेगा।

यह प्रोजेक्ट निवासियों को, उनके संबंधित क्षेत्रों में बहुमूल्य इनपुट प्रदान करने, सक्रिय तौर पर अपनी नेबरहुड प्रोफाइल में योगदान देने में सशक्त बनाता है। इसके द्वारा, निवासी जल्दी ही, अपनी कम्युनिटीज में बेजोड़ विशेषताओं और ताकतों को उजागर करने में भूमिका निभा पाएंगे।

जियोहब नेबरहुड प्रोफाइल्स और नेबरहुड एसोसिएशन गाइड दोनों ही, ब्रैम्पटन कम्युनिटी सेफ्टी एक्शन प्लान (Brampton Community Safety Action Plan) का हिस्सा हैं और ब्रैम्पटन में, भागीदारी वाली, जुड़ी हुई और सशक्त ऐसी कम्युनिटीज को बढ़ाने के प्रति एक बड़ा कदम है और यह, पर्यावरण को विकसित करने की सिटी की प्रतिबद्धता के अनुकूल है, जहां प्रत्येक निवासी सुरक्षित, शामिल और ब्रैम्पटन के मोजैक के साथ जुड़ा हुआ महसूस करे।

नेबरहुड एसोसिएशन गाइड के बारे में अधिक जानकारी के लिए और जियोहब नेबरहुड प्रोफाइल्स की पड़ताल करने के लिए, कृपया, www.brampton.ca/communitysafety पर जाएं।

हवाले

"हमारे शहर के अंदर, कम्युनिटी कनेक्टिविटी को विकसित करना और सुरक्षा तथा भलाई को प्राथमिकता देना, संपंन्न और भागीदारी वाली कम्युनिटी बनाने के लिए बुनियादी सिद्धांत है। नेबरहुड एसोसिएशन गाइड और जियोहब नेबरहुड प्रोफाइल्स, निवासियों की जरूरतों को पूरा करने और उन्हें हमारे शहर के भविष्य में सक्रिय तौर पर हिस्सा लेने में सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“नेबरहुड एसोसिएशन गाइड, ब्रैम्पटन के निवासियों को अपनी खुद की कम्युनिटी के अंदर प्रभाव डालने के लिए सशक्त बनाने में मदद के लिए तैयार की गई है। हमारे निवासियों की जरूरतों को सुनना और जो उनके लिए मायने रखता है, उसे उजागर करना, भागीदारी वाली कम्युनिटी और ऐसी कम्युनिटी बनाने में बहुत महत्वपूर्ण है, जो निवासियों की जरूरतों और इच्छाओं का ध्यान रखे। मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि हमारे निवासी क्या सुझाव देते हैं और ब्रैम्पटन के नेबरहुड्स में छुपे रुस्तमों की कहानियां सुनाने के लिए उत्सुक हूं।”

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 700,000 लोगों और 90,000 से अधिक कारोबारियों का घर है। हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ X (पहले Twitter), Facebook, LinkedIn और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

मीडिया संपर्क
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca